






# अविरल धारा प्रवाह वाली बैंनगंगा अब सूखने की कगार पर

**जल संकट की आहट, गर्मी अभी शुरुआती दौर में**

**छपारा नवभारत।** सिवनी जिला के लिए जीवन दायिनी नदी बैंनगंगा वर्तमान में सबसे निचले जलस्तर में पहुंच चुकी है जबकि अभी-अभी गर्मी ने दस्तक दी है ज्ञात हो कि इस वर्ष नदी पर बने संजय सरोवर बांध परियोजना भीमगढ में भी जलस्तर इतने कम स्तर पर है जो शायद ही इसके पूर्व रहा हो जिला वासियों के लिए जीवन मूलक के रूप में समाहित बैंनगंगा नदी बालाघाट जिला सहित अन्य क्षेत्रों के पेयजल आपूर्ति एवं कृषि क्षेत्र में अभिन्न हिस्सा बैंनगंगा नदी के हाथ ही वर्तमान समय में खाली हो गए हैं जिला प्रशासन को जल्द से जल्द उक्त विषय पर सीख लेकर कारगर उपाय किए जाने की आवश्यकता है वहीं आगामी वर्षों में इस प्रकार की स्थिति निर्मित ही न हो जैसे विषयों पर भी जमीनी स्तर पर कार्ययोजनाओं को अमलीजामा पहनाना होगा। प्रशासनिक चूक से निर्मित हुई परिस्थिति - पूर्व के वर्षों में बैंनगंगा नदी के संजय सरोवर बांध भीमगढ़ जलाशय में कभी भी ऐसी स्थिति नहीं बनी जैसी अभी है आगामी समय के लिए जलस्तर सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी पदस्थ विभाग आला अधिकारियों जवाबदेही है।

# भालीवाडा से घाट पिपरिया मार्ग ने खोया अपना अस्तित्व

**सिहोरा नवभारत।** लखनादौन विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहसना के ग्राम भालीवाडा से ग्राम घाट पिपरिया तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क बनाई गई थी जिसने पूर्ण रूप से अपना अस्तित्व खो दिया मानो वहां से आवा गमन में ऐसा प्रतीत होता है कि हम राहत कार्य से बनी हुई रोड में आवागमन कर रहे हैं विगत दिवस हमारे संवाददाता साथी ने उसे क्षेत्र की शिकायतों के बारे में सुनकर मौका ए स्थल पर जायजा लिया और अंदाजा लगाया कि आकस्मिक या आपातकालीन स्थिति में अगर कोई घटना घट जाती है तो सहायक उपकरण को भी पहुंचने में विलंब हो जाएगा इस स्थिति में क्षेत्र के लोगों को भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ेगा और राहगीरों के साथ हो रही दुर्घटनाएं भी मन को विचलित करती हैं कि आए दिन कोई ना कोई घटना उस मार्ग में हो रही है



**संबंधित विभाग सोया है कुंभकरण की नींद**

उक्त मार्ग को बनाने वाले विभागीय अधिकारियों से जब दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने मरम्मत कार्य करने हेतु कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया बल्कि बात को घुमा फिरा कर उक्त बात को खत्म करने पर जोर देते रहे क्षेत्रीय लोगों की प्रशासनिक कर्मचारियों से यह मांग है कि जल्द से जल्द उस टुकड़े का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो क्षेत्रीय लोग जन आंदोलन की राह में कूद पड़ेंगे

# न्यायालय के आदेश के बाद भी कब्जा नहीं दिला पा रहे तहसीलदार



सिवनी नवभारत। श्रीमती केसरबाई के द्वारा नायब तहसीलदार व्रत पलारी तहसील केवलारी के समक्ष धारा 250 म.प्र. भू. रा.सं. अंतर्गत अवैध कब्जा हटाए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है। न्यायालय के द्वारा 26 मार्च 2025 को कब्जा वारंट का आदेश पारित किया गया है जिसका हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा दिनांक 4 अप्रैल 2025 को केसरबाई को अनावेदकगणो के द्वारा अवैध रूप से कब्जे के कब्जा दिलाया जाना था। परंतु रा.नि. एवं हल्का पटवारी द्वारा केसर बाई को कब्जा दिलाए जाने के संबंध में यह कहा गया कि तहसीलदार व्रत पलारी द्वारा फोन कर हमें मना कर दिया गया है जब केसरबाई ने अपने पुत्र विजेंद्र साहू को बताया, इसके बाद केशर बाई के पुत्र विजेंद्र साहू के द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के बातों को रखा तो तहसीलदार व्रत पलारी द्वारा यह कहा गया कि मुझे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी द्वारा कब्जा वारंट की कार्यवाही रोकने का निर्देश दिया गया है। केसर बाई के द्वारा कार्यालय कलेक्टर जनसुनवाई आवेदन जनसुनवाई में लगातार तीन बार अपने शिकायत दर्ज कराई है। पहली शिकायत 11 मार्च, दूसरी शिकायत 25 मार्च एवं तीसरी शिकायत 8 अप्रैल 2025 को की गई है।

# हनुमान जयंती पर शुक्रवारी में होगा भंडारा, संचालन कमेटी का हुआ गठन

**सिवनी नवभारत।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर शुक्रवारी बाजार गांधी चौक सिवनी पर हनुमान जयंती के पावन पर्व पर विशाल भण्डारा का अयोजन किया जाना है। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु सोमवार को शाम 05 बजे एक बैठक की गई है। बैठक में आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जंयती के अवसर पर भण्डारा आयोजित करने हेतु एक संचालन कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से से निम्न पदाधिकारी मनोनित किये किए गए है।

संरक्षक मण्डल में स्व. प्रमोद शर्मा (दैनिक दलसागर), शफीक खान अध्यक्ष (न.पा.प.), अशोक आहूजा (दैनिक सुदूर संदेश), राजा बघेल, सुरेन्द्र करोसिया, संतोष नानू पंजवानी, सुजीत नाहटा शामिल है। वहीं अध्यक्ष प्रवेश बाबू भलोटिया, सचिव मोहित ब्यौहार (बल्लू), महासचिव शैलू चंद्रवंशी व सहयोगी सदस्यो में रंजीत यादव, नितिन मिश्रा (पूर्व पार्षद), नीरज जैन, रत्नेश चौकसे, मधु क्रिडिया, शिव सनोडिया, राजू यादव, राजेन्द्र मरकाम, अरविन्द तिवारी, आदित्य (मोन्टू) भूरा, अखिलेश यादव (डांन), छुटका चौरसिया, राजू यादव, रूपेश जैन, पिंटू चौरसिया, सोनू नामदेव, पंकज भगत, ओम उपाध्याय, संदीप यादव, गोलू यादव, जय श्रीवास्तव, दीपेश पटेल, आशु कौशल, अंचल चौरसिया, ऋषभ ठाकुर, निकुंज भांगरे, नितिन, पिंकी सोनी, हनी मेहरा, प्रणम चौरसिया, रितेश जैन, शेखर कर्वेती, सागर मरकाम, सहिल मेहरा, नीरज सोनी (भाउ), राकेश पाठक, योगेश जैन, अनिल बघेल, अंकित चौरसिया, चीकू प्रियंक अग्रवाल, हितेन्द्र साहू, अभिषेक पवार एवं सभी सहयोगी साथी शामिल रहेंगे। सचिव मोहित ब्यौहार (बल्लू) राम मंदिर भंडारा कमेटी, गांधी चौक, शुक्रवारी बाजार, ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**हनुमान जयंती पर होगे विविध कार्यक्रम**

सिवनी। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव जिला मुख्यालय के रुद्रावतार हनुमान मंदिर जिला अस्पताल के मुख्य गेट के बाजू में 12 अप्रैल शनिवार को विधि विधान से मनाया जायेगा। इसके लिए मंदिर समिति ने व्यापक तैयारी एवं साज सज्जा शुरू कर दी है। मंदिर के मुख्य पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का प्रात: 6 बजे से विद्वान पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दूध,दही,शहद, घी,गंगाजल एवं पंचामृत सेअभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज का विशेष चोला श्रृंगार किया जायेगा,जो कि आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही चोला श्रृंगार के बाद श्री राम स्तुति,हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती की जाएगी। उसके बाद दोपहर 1.30 बजे से हवन पूजन किया जायेगा। वही शाम 05 बजे रुद्रावतार हनुमान मंदिर के पुजारी भोग लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर शुक्रवारी चौक सिवनी जायेंगे वह पंचमुखी हनुमान जी महाराज को भोग लगाया जायेगा। पंचमुखी हनुमान मंदिर से भोग लगाकर आने के बाद शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा प्रारंभ होगा। वही शाम को 08 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

## एक नजर में

### सुबह की पाली में लगे शैक्षणिक संस्थाए : मनीष मिश्रा

घंसौर। प्रांतीय शिक्षक संघ व राज्य कर्मचारी संघ ने जिले की सम्बेदनशील कलेक्टर से मांग की है कि बच्चों के स्वस्थ को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी विद्यालय सुबह की पाली में संचालित किए जाए। ज्ञात हो कि अप्रेल माह की भीषण गर्मी में बच्चों को स्कूल आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है आलम यह है कि बहुत कम बच्चे स्कूल तक पहुच पा रहे है। बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए पालकों से बात की जा रही है लेकिन भीषण तपन के कारण उपस्तिथि संतोषजनक नही है। प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया है कि इस गर्मी में विद्यालयो में पेय जल समस्या का भी सामना करना पड़ता है। लू लगने का खतरा भी बना हुआ है। सभी शिक्षकों में जिला शिक्षा अधिकारी व सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य बिभाग के माध्यम से कलेक्टर महोदया से मांग की है कि स्कूलों का संचालन सुबह की पाली में कराने का आदेस प्रसारित करे। जिससे बच्चे को परेशानी से बचाया जा सके।

### स्कूल टाईम में किया जाये परिवर्तन : शिक्षक संघ



सिवनी। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए छात्र हित में विद्यालय का समय परिवर्तन की मांग का ज्ञापन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आर आर मेहता को सौपा गया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक, सचिव संतोष सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ब्रह्मंन राय,सह सचिव सचिन जैन, हरिशंकर यादव, ब्लॉक कार्यकारिणी से ब्लॉक अध्यक्ष गंफ्फार खान, संतोष नेमा, अजय यादव, रघुनाथ चौकसे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डॉ . प्रमोद राय ने की अपील, पशुओं हेतु भूसा दान करे

केवलारी। विधानसभा क्षेत्र के ( छपारा, धनोरा, सुनवारा, कन्हीवाड़ा, केवलारी, पलारी, छिन्दा, खैररांझी और भीमगढ़ ) में हार्वेस्टर कंबाइन मशीन द्वारा गेहूं की कटाई कार्य प्रारंभ हो चुका है। मानव के लिए माँ अन्नपूर्णा की कृपा से अन्न का प्रबंध धरती माता ने कर दिया है, लेकिन हमारे मित्र और कृषि कार्य में सहयोगी पशुओं के भरण-पोषण का प्रबंध भूसा के द्वारा ही होता है। अत: हम सभी किसान भाइयों से करबद्ध निवेदन करते हैं कि खेतों में आग न लगाएँ, न स्वयं और न किसी को आग लगाने की सलाह दें। गौशालाओं में भूसा दान करें — यथासंभव गौशाला संचालकों को भूसा उपलब्ध कराएँ। एक ट्रॉली भूसे की औसत कीमत लगभग 1,500 है। आप व्यक्तिगत रूप से या 2-3 किसान मिलकर चंदा कर गौशाला संचालकों से संपर्क कर भूसा दान अवश्य करें।

# राज्य स्तरीय टेटे प्रतियोगिता 20 को

सिवनी। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन सिवनी के सचिव संदीप मिश्रा ने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन लखनादौन के शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में दिन रविवार 20 अप्रैल को प्रात: दस बजे से किया जा रहि है, जिसमें सिवनी जिले के साथ-साथ छिंदवाड़ा, बालाघाट एवं नरसिंहपुर जिले के खिलाड़ियों के भी हिस्सा लेने की संभावना है, जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन अनेक वर्षों बाद सिवनी जिले में हो रहा है, ज्ञात हो कि वर्तमान में सिवनी जिले में बरघाट के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक इस खेल में जिले के नाम को रोशन किया है वही लखनादौन पूर्व के समय में पूरे जिले को इस खेल में प्रेरणा देने का कार्य करता रहा है, इस परंपरा को लखनादौन में पुनर्जीवित करने के लिए जिला संगठन के द्वारा इस आयोजन को लखनादौन में करने का निर्णय लिया है ,इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कोई आयु बंधन नहीं होगा, वही बालक वर्ग में 14 वर्ष, 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, इस आयोजन में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे , विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह के साथ-साथ एक गिफ्ट भी दिया जायेगा।

# अंबेडकर स्कूल का निरीक्षण कर जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

**सिवनी नवभारत।** डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के पूर्व भारतीय जनता पार्टी दक्षिण नगर मंडल द्वारा सेवा बस्ती अंबेडकर वार्ड में दिनभर जनसेवा और स्वच्छता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, सांसद श्रीमती भारती पारधी, एवं विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता कर जनसंवाद एवं सेवा का संदेश दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से हुई, जहां जनप्रतिनिधियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनकी शिक्षा और ज़रूरतों के बारे में जानकारी ली। बच्चों को बैठने के लिए कुर्सियों, चॉकलेट बिस्किट का वितरण किया गया, जिससे उनकी पढ़ाई में सुविधा हो सके।

इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल ने अंबेडकर स्कूल का निरीक्षण कर वहां के स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। बच्चों को पानी की बोतलें एवं मटके प्रदान किए गए, जिससे गर्मी के मौसम में साफ़ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हितग्राही लाभार्थियों से संवाद किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनके क्रियान्वयन से संबंधित सुझाव भी प्राप्त किए। आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु आश्वासन दिया गया।

इसके पश्चात वर्षों से उपेक्षित स्थिति में पड़े मीठी तलैया तालाब में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह तालाब कभी अंबेडकर वार्ड की पहचान था। अब इसे पुन: स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में पहल की गई है। तालाब की सफाई के साथ जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी जनप्रतिनिधि भाजपा नेता श्री गोपाल पवमे जी के निवास पहुंचे और वहां सौजन्य भेंट कर संगठनात्मक चर्चा की। नगर भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने सभी कार्यक्रमों में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया।

# महात्मा फुले की जयंती सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मनाई जाए : रघुवीर

**सिवनी नवभारत।** भारत में महिलाओं को शिक्षित करने , विधवाओं का मुंडन , सती प्रथा , बाल विवाह, जाति प्रथा , छुआछूत , भुखमरी और गरीबी के खिलाफ आवाज उठाने वाले महात्मा ज्योतिबा राव फुले , माता सावित्री बाई फुले, उनके सहयोगी उस्मान शेख और उनकी बेगम माता फातिमा शेख के संघर्ष की कहानी इतिहास के पन्नों से गुम कर दी गई है। आगामी 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती है। हम जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि महात्मा फुले की जयंती सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मनाई जाए, इस आशय का आदेश जारी किया जाए। उक्ताशय की बात समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने जिला प्रशासन से इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

श्री अहरवाल ने आगे कहा कि, यह स्मरणोत्सव उस युग की याद दिलाएगा जब महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा गया था, विधवाओं को अपमानजनक जीवन जीने पर मजबूर किया जाता था और सामाजिक कुरीतियां अपने चरम पर थीं। ऐसे अंधकारमय समय में महात्मा ज्योतिबा राव फुले और उनकी जीवनसंगिनी माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के दीपक जलाकर समाज को नई राह दिखाई। फुले दंपत्ति का संघर्ष केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं था, बल्कि यह जातिवाद, छुआछूत और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी एक सशक्त आंदोलन था। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित कर, उन्हें देश की पहली महिला शिक्षिका बनने का गौरव दिलाया। सावित्री बाई फुले ने तमाम सामाजिक विरोध और अपमान सहते हुए भी लड़कियों के लिए शिक्षा के द्वार खोले।

उन्होंने उस दौर के हृदयविदारक दृश्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि जब सावित्री बाई फुले विद्यालय जाती थीं तो कट्टरपंथी उन पर गोबर, कीचड़ और पत्थर फेंकते थे, लेकिन उनका दृढ़ संकल्प डिगा नहीं। इस नेक कार्य में उन्हें उस्मान शेख और उनकी पत्नी फातिमा शेख का भी अमूल्य सहयोग मिला, जिन्होंने अपना घर लड़कियों के लिए स्कूल खोलने के लिए दे दिया।

# कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा को बनाया सबसे बड़ा राजनैतिक दल : मीना




**सिवनी नवभारत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत शर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस साप्ताहिक पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार 8 अप्रैल को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्य का सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। भाजपा जिला मीडिया विभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार विषय पर विस्तार से संबोधन में अपनी बात रखी और कहा कि जनसंघ से हमारी विचार का प्रारंभ हुआ और 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में हमारी पार्टी ने विस्तार का विशाल रूप धारण किया है । भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी हमारी विचारधारा और विचार आधारित कार्यकर्त्ता है और कार्यकर्त्ता निर्माण में पार्टी के असंख्य व्यक्तियों ने अपना जीवन खपा दिया ।

**देश में विकास गति तेज हुई - विधायक**

विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा प्रधानमंत्री जी के रूप में नरेंद्र मोदी साथ के लगभग 11 वर्षो में विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर संबोधित करते हुये कहा गया कि देश में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनते ही देश विकास की पटरियों पर तेजी से दौड़ रहा है । मोदी जी के पूर्व की कांग्रेस गठबंधन वाली सरकार भ्रष्टाचार, घोटालों से देश को कलंकित कर रही थी उनसे राहत मिली है । प्रधानमंत्री सड़को का जाल, और लंबी दूरी की सड़के जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में दिख रही है कांग्रेस के समय इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, श्री राय ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, जनकल्याण, कोरोना के समय दुनिया को भारत ने दिखाया कि हमारे पास जो क्षमता है वह दुनिया में नहीं, मोदी जी बिना किसी भेद भाव के हर समाज के लिये कार्य कर रहे है।

**परिवर्तन दिखाई दे रहा है : सांसद**

भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुये कहा है कि भाजपा ने अपने भारतीय राजनीति में जो परिवर्तन लाया है उसे खुली आँखों से तो देखा ही जा सकता है बंद आँखो से भी महसूस किया जा सकता है । भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के साथ मातृशक्ति को सशक्त बनाने, समरस समाज के निर्माण, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, भारतीय महापुरूषों का गौरव स्थापित करने, स्वच्छता के लिये सामाजिक क्रांति, दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने और विश्व पटल पर अपनी हर बात को स्वाभिमान के साथ रखने जैसे कार्य करते है । देश के विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है तो वहीं हर क्षेत्र के कमजोर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में जोडने के लिये सरकार मदद कर रही है ।

**अपील** — भीषण गर्मी में पानी के लिए दर दर भटकते हैं पशु-पक्षी

# घरों के पास जलपात्र रखकर पशु-पंक्षियों की प्यास बुझाये

**सिवनी नवभारत। गर्मी इतनी तेज है कि पशु पक्षी दिन भर धूप में प्यासे घूमते रहते है। सभी नागरिकों से समाज सेवी संगठनों से एवं राजनीतिक संगठनों विद्यालय परिवार से आग्रह है कि अपनी छत के ऊपर दुकान के सामने पानी रखें ताकि वह अपनी प्यास बुझा सकें।**



पशु पक्षी हमारे घर में प्यास बुझाएं तो हम कितने सौभाग्यशाली हैं नन्हे परिंदों की प्यास बुझाएं। पक्षियों के लिएपानी की व्यवस्था करने के लिए, आप ये उपाय अपना सकते हैं छत पर पानी के बर्तन रखें। टेराकोटा के बर्तन में पानी रखें। प्लास्टिक के फ़ीडर को पेड़ों पर लटकाएं। उथले कंटेनर चुनें, जैसे कि पुराना फ़्राइंग पैन या बेकिंग पैन, पानी के बर्तन साफ़ रखें। पानी में गुड़ मिलाएं वहीं पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था करें। पक्षियों के लिए पानी पिलाने की मशीन लगाएं। पक्षी स्नान या अन्य सुविधा प्रदान करें।। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था गर्मी के मौसम में ज़्यादा ज़रूरी होती है.



पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए, आप घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पानी के बर्तन रख सकते हैं. आम तौर पर, अगर आपका नल का पानी इंसानों द्वारा पिया जा सकता है, तो इसका इस्तेमाल पक्षियों के स्नान में किया जा सकता है.

पक्षियों को पानी पिलाने से आप पुण्य अर्जित करते हैं और अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं. ऐसी अपील करता हूं हमने अपने क्षेत्र में या अभियान चालू कर दिए है अब आप अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाए।

पैसा ठीक होने के बाद
शादी से पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स शुगर से आयी कमजोरी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, निर्संतन, लिंग का छोटापन, टेढापन, नि:संतान, शीलता, जोड़ों का दर्द आदि सभी गुप्त रोगो का सफल ईलाज किया जाता है



धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
प्राईवेट बस स्टेंड बेनगंगा कॉम्पलेक्स शॉप नंबर 63 एफ शुक्ला चश्मा घर के बाजू में
मिले हर मंगलवार व बुधवार
07879453857
8964889608